# बुरे फंसे इमरान खान, विदेश से मिला अरबों का पार्टी फंड चोरी छिपे खपाया

आलोचना

## पीटीआई ने संवैधानिक निकाय को अपने वित्त पोषण के बारे में गलत जानकारी प्रदान की

करोड़ों रुपये का खुलासा नहीं करने को लेकर विपक्षी दलों ने इमरान की आलोचना की



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

इस्लामाबाद। पाकिस्तान से भ्रष्टाचार का खात्मा करने का वादा करके सत्ता में आए प्रधानमंत्री इमरान खान अब अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ को मिले विदेशी चंदे को छिपाने पर बुरी तरह से घिर गए हैं। पाकिस्तानी चुनाव आयोग के विदेशी फंडिंग मामले में सामने लाए गए चुनावी फंड में करोड़ों रुपये का खुलासा नहीं करने को लेकर विपक्षी दलों ने इमरान खान और सत्तारूढ़ पार्टी पीटीआई की कड़ी आलोचना की है।

फ्राइडे टाइम्स की एक हालिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ईसीपी की एक जांच समिति द्वारा जारी रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि पीटीआई ने संवैधानिक निकाय को अपने वित्त पोषण के बारे में गलत जानकारी प्रदान की। रिपोर्ट के अनुसार, स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के एक बैंक स्टेटमेंट से पता चला है कि पार्टी को 1.64 अरब रुपये का फंड मिला, जिसमें से 31 करोड़ रुपये से अधिक की कोई रिपोर्ट ही नहीं की गई और इसका कोई हिसाब नहीं रखा गया।

**इमरान खान ने न केवल चोरी की बल्कि लोगों की जेबें भी लूट लीं** पाकिस्तान मुस्लिम लीग–एन (पीएमएल–एन), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) सहित विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों के एक समूह ने सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से धन को छिपाने की निंदा की और तत्काल आगे की जांच की मांग की। पीएमएल–एन की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने एक बयान में कहा कि इमरान खान ने न केवल चोरी की और छिप गए, बल्कि लोगों की जेबें भी लूट लीं हैं।

पीडीएम के प्रवक्ता हाफिज हमदुल्ला ने एक बयान जारी कर दोहराया कि ईसीपी के निष्कर्ष, इमरान खान और पीटीआई की चोरी का खुलासा करते हैं। हमदुल्ला ने कहा, जांच समिति ने देश के सामने पीटीआई का असली चेहरा उजागर कर दिया है। इमरान खान और पीटीआई, जिन्होंने दूसरों पर चोरी का आरोप लगाया था, खुद ही चोर निकले।

**अवैध धन प्राप्त करने के लिए निजी बैंक खातों का उपयोग:** पीटीआई के खिलाफ चल रहा विदेशी फंडिंग का मामला 2014 में पार्टी के संस्थापक सदस्य अकबर बाबर द्वारा दायर किया गया था। मूल फाइलिंग में, बाबर ने महत्वपूर्ण वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया, जिसमें धन के अवैध स्रोत, पाकिस्तान और विदेशों में छिपाए गए बैंक खाते, मनी लॉन्ड्रिंग और मध्य पूर्व से अवैध धन प्राप्त करने के लिए निजी बैंक खातों का उपयोग शामिल है।

## न्यूज डायरी



### तानाशाह किम ने उड़ाई अमेरिका समेत अन्य देशों की नींद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन लगातार मीडिया की सुर्खियों में रहने वाली विश्व की एक शख्सियत हैं। लेकिन इसकी वजह कुछ और है। दरअसल, किम जोंग उन ने जब देश की सत्ता संभाली है तब से ही अपने तानाशाही रवैये की राह पर चलते हुए लगातार ऐसे कदम उठाए जिसकी वजह से कोरियाई प्रायद्वीप ही नहीं बल्कि दूसरे देशों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती रही है। उनके मीडिया की सुर्खियों में बने रहने की सबसे बड़ी वजह भी यही रही है। किम लगातार अमेरिका प्रति अपने तीखे बयानों के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उनके मीडिया की सुर्खिया बनने का कारण उत्तर कोरिया द्वारा किया गया हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण है, जिसको सफल बताया जा रहा है। इस मिसाइल ने 700 किमी दूर अपने टार्गेट पर सटीक वार किया।

### तालिबान ने अब महिलाओं पर लगाया एक और प्रतिबंध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान ने कब्जा करने के बाद महिलाओं पर कई प्रतिबंध लगाए हैं। इसी कड़ी में तालिबान ने एक और प्रतिबंध को शामिल करते हुए अफगानिस्तान में महिलाओं की खेल कूद गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। काबुल के कई स्पार्ट्स क्लब मालिकों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस्लामिक अमीरात महिलाओं को खेलों के लिए अनुमति नहीं देते हैं। हालांकि खेल गतिविधियों में महिलाओं के लिए पहले ही अलग स्थान बनाए गए थे। उन्होंने कहा कि कोच भी पुरुष के बजाए एक महिला है। स्पोर्ट्स क्लब के प्रमुख हाफिजुल्लाह अबसी ने टोलो न्यूज को बताया कि कम से कम महिलाओं को अभ्यास करने की अनुमति दी जाए। तायक्वोंडो और पर्वतारोहण खेलों की कोच ताहिरा सुल्तानी ने कहा कि तालिबान के सत्ता में आने के बाद से मुझे मेरे खेल का अभ्यास भी करने की अनुमति नहीं थी। मैंने प्रशिक्षण के लिए खेलों के कई क्लबों की भी बात की, लेकिन उन्होंने कहा कि अब क्लबों में महिला वर्ग के स्थान को बंद कर दिया है।

### संयुक्त अरब अमीरात में एक भारतीय की लगी लॉटरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। 16 साल से दुबई में रह रहे श्रीराम की इस महीने किस्मत खुल गई। एक ही महीने में दो–दो बार उनकी लॉटरी लग गई। एक ही झटके में उन्होंने कुल 31 लाख रुपए का अपना बैंक–बैलेंस बढ़ा लिया। श्रीराम ने एक ही महीने में दो अलग–अलग मौकों पर कुल मिलाकर 31 लाख से अधिक रुपए जीते। वो पिछले 16 साल से दुबई में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि वो ड्रॉ में हिस्सा लेना आगे भी जारी रखेंगे। आप नहीं जानते कि जब तक आप कोशिश नहीं करेंगे तब तक क्या होगा? श्रीराम के अलावा लेबनान और स्लोवेनिया के दो अन्य लोगों ने भी 15 लाख 75 हजार 32 रुपए का अमीरात ड्रॉ जीता है। खलीज टाइम्स से बात करते हुए 46 साल के श्रीराम शांता नाइक ने कहा कि मैं स्तब्ध हूं, मेरे पास शब्द नहीं है।

### मुझे अरेंज मैरिज से बचाओ, पत्नी खोजने के लिए लगवा दी होर्डिंग्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। भारत में ज्यादातर लोगों की शादियां अरेंज मैरिज होती है। माता–पिता उनके लिए जोड़ियां चुनते हैं। हालांकि कई लोगों की लव मैरिज भी होने लगी है। वहीं, इंग्लैंड के एक नौजवान ने अरेंज मैरिज से बचने के लिए ऐसा तिकड़म लगाया कि उसकी चर्चा दुनियाभर में हो रही है। आजकल दुनियाभर में लोग लव मैरिज कर रहे हैं। जबकि, अब भी कुछ लोग ऐसे हैं, जिन्हें अरेंज मैरिज के लिए कहा जाता है। इंग्लैंड के एक युवक ने इससे बचने का अनोखा तरीका अपनाया। अब उसकी चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। इसने लंदन में बड़े–बड़े होर्डिंग लगवा दिए। मूलतरू मोहम्मद मलिक पाकिस्तान के रहनेवाले हैं। उन्होंने शादी करने के लिए अनोखा तरीका निकाला है। ये एक तरह का शादी के लिए विज्ञापन है। सीधे होर्डिंग पर अपनी शादी का विज्ञापन छपवा दिए।

## ईंधन के दामों ने लगाई आग प्रदर्शनों में दर्जनों लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अल्माटी। कजाकिस्तान में ईंधन की बढ़ती कीमतों को लेकर हो रहे प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया है। कई इलाकों में जारी प्रदर्शनों के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हिंसा में दर्जनों प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है। इसके अलावा आठ पुलिसकर्मी भी मारे गए हैं।

स्पुतनिक समाचार एजेंसी ने आंतरिक मंत्रालय के हवाले से बताया कि कजाकिस्तान के कई क्षेत्रों में प्रदर्शन के दौरान आठ पुलिस और राष्ट्रीय रक्षक सैनिक मारे गए हैं और 317 घायल हुए हैं। इसके अलावा कजाकिस्तान के सबसे बड़े शहर में प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति निवास और मेयर कार्यालय पर धावा बोल दिया और दोनों में आग लगा दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां भी चलाई हैं। प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए पानी की बौछारें की जा रही हैं और आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। बता दें कि सरकार की ओर से साल की शुरुआत में एलपीजी पर मूल्यों से नियंत्रण हटाने के बाद विरोध–प्रदर्शन शुरू हो गए थे। वहीं, ईंधन की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के कारण कजाकिस्तान में सरकार गिर गई है। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान सरकार के सदस्य अपना काम करते रहेंगे।



बेजोस की जिंदगी में आई हैं, वह दुनियाभर में सुर्खियां बन गई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। दुनिया का सबसे महंगा तलाक देने वाले धरती के दूसरे सबसे अमीर अरबपति जेफ बेजोस इन दिनों अपनी नई गर्लफ्रेंड के साथ जमकर समय बिता रहे हैं। उनकी नई गर्लफ्रेंड का नाम लौरेन वेंडी सांचेज है और दोनों के बीच साल 2019 से ही डेटिंग चल रही है। 52 साल की लौरेन सांचेज एक टीवी कलाकार हैं लेकिन जब से वह बेजोस की जिंदगी में आई हैं, वह दुनियाभर में सुर्खियां बन गई हैं। इस सेलेब्रेटी कपल ने नए साल पर जमकर मस्ती की और सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें शेयर की हैं। इससे पहले जेफ बेजोस का जुलाई 2019 में पत्नी मैकेंजी बेजोस के साथ तलाक हुआ था। यह दुनिया का सबसे महंगा तलाक था, जिसके बाद जेफ बेजोस ने पत्नी मैकेंजी को 2.75 लाख करोड़ रुपये चुकाए थे।

## महामारी विशेषज्ञ ने चेतावनी दी है कि ओमीक्रोन को हल्के में न लें

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वॉशिंगटन। दुनियाभर में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन वेरिएंट की भयानक लहर चल रही है। भारत, अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों में हर दिन आंकड़े बहुत ही तेजी से बढ़ते जा रहे हैं।

ओमीक्रोन को लेकर कई विशेषज्ञों का दावा है कि यह डेल्टा वेरिएंट की तुलना में हल्का है और अस्पतालों में वेंटिलेटर की जरूरत नहीं पड़ रही है। इन दावों के बीच अमेरिका के नामचीन डॉक्टर और महामारी विशेषज्ञ फहीम योनुस ने चेतावनी दी है कि इस वेरिएंट को हल्के में न लें, क्योंकि उनके अस्पतालों में सारे वेंटिलेटर भर गए हैं।

दुनियाभर में हर दिन आंकड़े बहुत ही तेजी से बढ़ते जा रहे हैं

अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ मेरिलैंड में महामारी मामलों के प्रमुख डॉक्टर फहीम ने ट्वीट करके बताया, मेरे अस्पताल में आज 100 फीसदी वेंटिलेटर का इस्तेमाल कोरोना मरीजों के द्वारा किया जा रहा है। मास्क पहनें, कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज लगवाएं और भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें। फहीम उन दावों को खारिज करते हैं जिनमें कहा जा रहा है कि ओमीक्रोन से बचना किसी के लिए भी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आप इस संक्रमण से बच सकते हैं और आपको इससे बचना चाहिए।

**कुछ ही हफ्तों में खत्म हो जाएगी लहर:** फहीम युनुस ने अपने ट्वीट में लिखा, यह एक खतरनाक और लापरवाह विचार है कि – ओमीक्रोन इतना ज्यादा संक्रामक है कि सभी इसकी चपेट में आ जाएंगे। इसे रोकने की कोशिश करने का कोई मतलब नहीं है। यह सबसे अच्छी वैक्सीन है। कृपया इस पर विश्वास न करें। मास्क पहनें और भीड़ से बचें। कुछ ही हफ्तों में यह लहर खत्म हो जाएगी। आप इस संक्रमण से बच सकते हैं और आपको इससे बचना चाहिए।

वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी मंगलवार को कोविड–19 के मामलों में बेतहाशा वृद्धि के बीच लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है।

## स्पेन में पालतू जानवर के लिए बना नया कानून

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैड्रिड। किसी भी परिवार में पालतू जानवर फैमिली मेंबर की तरह रहते हैं। उनके हर सुख–दुख का ख्याल रखा जाता है। ये तब तक होता है, जब तक पारिवारिक माहौल ठीक हो। मगर जब मियां–बीवी में खटपट होती है तो उन्हें कौन संभालता है? घर का वो प्यारा पेट आखिर किसके पास जाता है? ब्रेक–अप या तलाक की स्थिति में परिवार के कैट या डॉग कौन रखता है? जब परिवार में तलाक की स्थिति आएगी तो पेट को कौन संभालेगा या फिर किसे दिया जाएगा? ये कानून स्पेन में लागू कर दिया गया। कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि पालतू जानवर भी परिवार के सदस्य हैं। कई मामलों में पति–पत्नी को अलग होने पर उन्हें साझा करनी चाहिए। पशु प्रेमियों के बीच इसके बारे में पहले से ही कोई संदेह नहीं था, लेकिन अब पालतू जानवरों को आधिकारिक तौर पर स्पेन में परिवार का सदस्य माना गया। 5 जनवरी को लागू हुए नए कानून में पहली बार पालतू जानवरों को श्जीवित, संवेदनशील प्राणीश के रूप में मान्यता मिली है, न कि केवल वस्तु के रूप में।